29.04.24

Tender Heart High School Sector- 33B Chandigarh

कक्षा - तीसरी    विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - समानार्थी शब्द (Synonyms)


शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

सुप्रभात बच्चो !

यह कार्य कक्षा तीसरी, विषय - हिन्दी व्याकरण से लिया गया है। इस कार्य का लिखित सार आपको 2 मई, 2022 को भेज दिया जाएगा।

बच्चो ! आज हम 'समानार्थी शब्द' के विषय में पढ़ेंगे। इन्हें 'पर्यायवाची शब्द' भी कहते हैं।

बच्चो ! प्रत्येक वस्तु का कुछ-न-कुछ नाम अवश्य होता है। कई वस्तुओं के एक से अधिक नाम होते हैं। आइए, नीचे दिए उदाहरणों द्वारा समझने का प्रयास करते हैं —


सूरज-सूर्य


चाँद-चंद्रमा


किताब-पुस्तक


बारिश-वर्षा


पहाड़-पर्वत


फूल-पुष्प


छाता-छतरी


दीपक-दीया

CS CamScanner

कक्षा - तीसरी    विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - समानार्थी शब्द

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

ऊपर दिए गए प्रत्येक चित्र के नीचे लिखे शब्द, बोलने, लिखने और सुनने में अलग लग रहें, किन्तु इनका अर्थ समान है।

अर्थात् समान अर्थ बताने वाले शब्द 'समानार्थी शब्द' कहलाते हैं।

बच्चो! चलिए अब पाँच मिनट की ब्रेक लेते हैं। ब्रेक लेने से पहले मैं आप से कुछ प्रश्न पूछने जा रही हूँ जिनके उत्तर आप अपनी हिन्दी व्याकरण की नोट में लिखेंगे, प्रश्न इस प्रकार से हैं—

प्र०1. एक जैसा अर्थ बताने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?

प्र०2. समानार्थी शब्दों को अन्य किस नाम से पुकारा जाता है?

प्र०3 निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए -

क) फूल    ख) किताब    ग) बारिश।

बच्चो, ब्रेक का समय समाप्त हो गया है। आइए, अब अपने विषय की चर्चा को आगे बढ़ाते हैं। सबसे पहले मैं आपको ऊपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बता देती हूँ।

उ०1 एक जैसा अर्थ बताने वाले शब्दों को समानार्थी शब्द कहते हैं।

कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - समानार्थी शब्द शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

उ०2. समानार्थी शब्दों को पर्यायवाची शब्दों के नाम से भी पुकारा जाता है।

उ०3क) फूल - पुष्प / सुमन

ख) किताब - पुस्तक

ग) बारिश - वर्षा

आइए, कुछ अन्य समानार्थी शब्दों के बारे में जानें।

समानार्थी शब्द

1. जल - पानी
2. नभ - आकाश
3. पक्षी - खग
4. पेड़ - वृक्ष
5. दिन - वार
6. पुत्र - बेटा
7. माता - माँ
8. पवन - हवा

CamScanner

कक्षा - तीसरी

विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - समानार्थी शब्द

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

9. प्रभु - भगवान

10. बादल - मेघ

गृहकार्य → सभी विद्यार्थी ऊपर लिखे गए समानार्थी शब्दों को अपनी हिन्दी व्याकरण की नोटबुक में लिखेंगे तथा जो समानार्थी शब्द उदाहरण में दिखाए गए हैं, उन्हें भी इन समानार्थी शब्दों के साथ लिखेंगे ताकि आपको याद करने में कोई परेशानी न हो।

धन्यवाद।

(Last Page)

CamScanner